## खबर संक्षेप

### धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन 31 को

**अंडा।** जिला धोबी समाज भखारा परिक्षेत्र का वार्षिक सम्मेलन त्रिकुटी धाम कोसमरा में 31 मार्च को प्रातः 10 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर विवाह योग्य बेटा-बेटी भी अपना मनपसंद जीवनसाथी चयन करने के लिए परिचय देंगे। अगर रिश्ते तय होते हैं तो दोनों पक्ष की सहमति से चट मंगनी पट ब्याह भी किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर, मुख्यमंत्री के निज सचिव, समाज के वरिष्ठ नेता तुलसी कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष धमतरी जिला संगठन प्रभारी कार्तिक राम निर्मलकर, संरक्षक धर्म लाल निर्मलकर, गुरुर राज के अध्यक्ष जगजीवन निर्मलकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर, युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर राजनंदगांव के जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, जांजगीर जिला संगठन प्रभारी महावीर कर्ष, रायपुर के जिला अध्यक्ष जगमोहन निर्मलकर, युवा कार्यवाहक अध्यक्ष अंबे बाघमार, राजधानी के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, सहित अनेक सक्रिय पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया है। स्वागत समिति का अध्यक्ष भखारा क्षेत्र के अध्यक्ष जय नारायण बाघमार को बनाया गया है। उक्त जानकारी समाज के प्रवक्ता अमन निर्मलकर ने दी।

### कर्मा जयंती व सम्मान समारोह 6 को

**गुरूर।** ग्राम चूल्हापथरा में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन 6 अप्रैल को किया जाएगा। प्रातः 10 बजे कलश शोभायात्रा, दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह, दोपहर 1 बजे अतिथि उद्बोधन तथा रात में जय बजरंग रामधुनी परिवार का कार्यक्रम आयोजित है। मुख्य अतिथि प्रदेश सलाहकार एवं संरक्षक जिला साहू संघ बालोद पवन साहू रहेंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मोखा गौकरण साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं संरक्षक तहसील साहू संघ गुरूर रामदयाल साहू, कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ गुरूर खेदू राम साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ मोखा कौशल साहू, संरक्षक परिक्षेत्र साहू संघ मोखा सेवक राम साहू, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर ईशाप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू, विधायक प्रतिनिधि गुरूर ओंकार महमल्ला, पप्पू कांकरिया, महामंत्री भाजयुमो गुरूर अजेन्द्र साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संध्या साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी भागाबाई साहू, सरपंच ग्राम पंचायत मुड़गहन अनूपा बाई साहू, सरपंच ग्राम पंचायत हितेकसा भूपेश कुमार हिरवानी, अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ मोखा गौकरण साहू रहेंगे।

### पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस में मिला 6 लाख का गांजा

**भिलाई।** पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस से रेलवे पुलिस को राजश्री गुटखा के थैले में 6 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नाकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरपीएफ ने प्री इलेक्शन सीजर को लेकर टास्क टीम ने 18 पैकेट गांजा लवारिश हालत में बरामद किया है। मुखबिर की सूचना पर ट्रेन 12843 पुरी अहमदाबाद एक्सप्रेस के सामान्य कोच में दो राजश्री पान मशाला के थैला लावारिश हालत में ट्रेन में पड़ा मिला।

# दर्रीटोला जलाशय के निजी उपयोग पर भड़के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के बरही और पर्रेगुड़ा मध्य स्थित दर्रीटोला जलाशय से व्यक्तिगत उपयोग के लिए पानी निकासी और संरक्षण को लेकर ग्रामीण परेशान नजर आ रहे है।

इस जलाशय से बरही, पर्रेगुड़ा, सांकरा, हथौद, जामगांव, दर्रीटोला जैसे लगभग सात गांव के खेती-किसानी व सिंचाई के लिए पानी का उपयोग करते हैं। वहीं गर्मी के दिनों में आसपास के गांव में पानी की कमी होने पर निस्तारी के लिए

- सात गांव के लोग हैं इस जलाशय पर आश्रित

तालाबों में पानी भरने का का काम भी इस जलाशय के माध्यम से किया जाता है। लेकिन उसका निजी उपयोग होने से अब ग्रामीण जलाशय की सुरक्षा को लेकर परेशान है।

ग्रामीणों के अनुसार दर्रीटोला जलाशय से एक किसान ने अपने खेतों में गन्ना फसल तक पानी पहुंचाने के लिए जेसीबी के माध्यम से सड़क के किनारे खनन किया है। इसमें पाईप बिछाकर मोटर पंम्प के माध्यम से अब जलाशय से पानी खींचने की योजना है। जलाशय का पानी केवल एक व्यक्ति उपयोग करे, इससे ग्रामीण नाराज हैं।इस पर रोक लगाने के लिए ग्रामीणों द्वारा प्रशासन को भी लिखित में शिकायत की गई है। वहीं जलाशय के नजदीक में बने रिसोर्ट से निकलने वाली वेस्ट पानी को जलाशय में नहीं डालने को लेकर भी शिकायत की गई है, जिस पर रिसोर्ट के मैनेजर सुनील शर्मा ने बताया कि वेस्ट पानी को जलाशय में नहीं डालने की बात ग्रामीणों के द्वारा की गई है।

**आयोजन**

संबलपुर (खरखरा) में फाग गायन एवं झांकी स्पर्धा संपन्न

# फाग गीत व झांकी प्रस्तुति में खपरी की मंडली रही प्रथम





फोटो बालोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 मार्च दिन मंगलवार को ग्राम संबलपुर (खरखरा) में फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इसमें प्रथम पुरस्कार श्री सत्य सांई फाग झांकी मंडली खपरी (धमतरी), द्वितीय पुरस्कार श्री राधाकृष्ण फाग झांकी मंडली भंडारपुर,(राजनांदगांव), तृतीय पुरस्कार मोर मैना फाग मंडली पेरपार,(बालोद), चतुर्थ पुरस्कार जय बघरन पाट फाग एवं जस झांकी मंडली बागतराई(बालोद), पंचम पुरस्कार श्री जय ठाकुर देव लोककला परिवार कातरो (दुर्ग), षष्ठम पुरस्कार मां शारदा फाग एवं झांकी परिवार परसाडीह(ज)बालोद रहे। इसी तरह आकर्षक पुरस्कार की श्रेणी में प्रथम मंचस्थ मंडली जय परमानंद फाग झांकी मंडली खपरी, भोथीपार,सर्वश्रेष्ठ गायन जय मां शीतला देशफिरंतीन भुनेश्वर फाग मंडली रेवाडीह (राजनांदगांव), सर्वश्रेष्ठ वादन जय मां सरस्वती फाग मंडली पड़कीभाठ (टेकापार) बालोद, सर्वश्रेष्ठ झांकी जय परमानंद फाग झांकी मंडली खपरी (भोथीपार), सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा श्री गणेश फाग/रामधुनी मंडली भटगांव (धमतरी), सर्वश्रेष्ठ संगीत जय मां शीतला दर्शन जस झांकी फाग मंडली टेडेसरा (राजनांदगांव), सर्वश्रेष्ठ अनुशासन श्री हरि मनमोहना फाग झांकी मंडली देवी नवांगांव(बालोद), अंतिम मंचस्थ मंडली जय मां सरस्वती फाग मंडली पड़कीभाट (टेकापार) को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि माधव गिरी गोस्वामी जनपद सदस्य डौंडीलोहारा, अध्यक्षता श्रीमति उमा ठाकुर (सरपंच), विशेष अतिथि प्रकाश जैन, तोमन लाटिया (उपसरपंच), मोहन जोशी, जोहन तारम, अनुज रात्रे, तिलोक पटेल, फूलसिंह पटेल, घुरू कोठारी रहे।

### पीसेगांव फाग मंडली रही प्रथम

**बालोद।** नगर के वार्ड क्रमांक 20 में होली के अवसर पर फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर नेवरिया चरवाहा फाग मंडली ग्राम पीसेगांव, द्वितीय स्थान जय छत्तीसगढ़, लोकरंग फाग मंडली ग्राम सिवनीकला, तीसरे नंबर पर जय परमानंद फाग मंडली खपरी, चौथे स्थान पर आदर्श नवयुवक फाग मंडली पड़कीभाट, पांचवे स्थान पर जय बगरन पाठ फाग परिवार बागतराई और मया के सुरता फाग रास परिवार छठवें स्थान पर रहे। इसके अलावा विशेष पुरस्कार में बेस्ट गायन का खिताब मया के सुरता फाग मंडली दल्लीराजहरा, बेस्ट नंगाड़ा वादन के लिए जय बगरन पाठ फाग परिवार बागतराई, बेस्ट वेशभूषा के लिए नेवरिया चरवाहा फाग मंडली ग्राम पीसेगांव और बेस्ट झांकी के लिए आदर्श नवयुवक फाग मंडली पड़कीभाट को सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी मां लक्ष्मी फाग उत्सव समिति पाररास के उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर साहू ने दी।



### घीना में फाग स्पर्धा की विजेता टीम हुई पुरस्कृत

**बालोद।** ग्राम घीना में होली पर्व के अवसर पर आयोजित फाग गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मया के छांव फाग परिवार भेंडरा धमतरी, द्वितीय आदर्श नव युवक फाग परिवार पड़कीभाट गुरुर, तृतीय आदर्श फाग परिवार मतवारी दुर्ग, चतुर्थ जय मां शारदा फाग परसाडीह, पंचम श्री कृष्ण सावन के बरसा फाग परिवार सीबी. नवागांव टटेंगा, षष्टम नव ज्योति फाग परिवार जेवरतला भरदाकला, सप्तम मां शीतला पुरण फाग परिवार बड़े टेमरी दुर्ग रहे। बैठकी में प्रथम स्थान अछरा फाग परिवार पाररास बालोद, द्वितीय स्थान सुरता फाग परिवार निपानी, तृतीय स्थान श्री शिव शक्ति भुनेश्वर फाग परिवार खामतराई पिनकापार, चतुर्थ स्थान मया के छाव फाग परिवार दियाबती, गुरुर के मंडलियां ने पुरस्कार जीती। विशेष पुरुष्कार एवं श्रेष्ट झांकी में श्री कृष्ण सावन के बरसा नवागांव, टटेंगा रहे। आयोजन समिति ने स्थान प्राप्त मंडलियों को सम्मान राशि से सम्मानित किये तथा छत्तीसगढ़ के जय हरदेलाल बाबा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी घीना के मैनेजर जीवन देशमुख व अध्यक्ष अनिल ठाकुर को शाल व श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया, उक्त यह जानकारी रूपसिंह रावटे ने दी।

# प्रदेश में ई-रिक्शा का क्रेज बढ़ा ऑटो से डबल बिक रहे हर माह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेट्रोल की कीमत दो साल से सौ रुपए के पार है। ऐसे में लगातार ई-वाहनों का क्रेज बढ़ रहा है। अब सवारी ऑटो के स्थान पर ई-रिक्शा की बिक्री प्रदेश में ज्यादा हो रही है। ऑटो से ई-रिक्शा हर माह करीब डबल बिक रहे हैं। राजधानी रायपुर और बिलासपुर में ज्यादा बिक्री हो रही है। इसी के साथ बड़े शहरों में ही ज्यादा बिक्री हो रही है। वैसे छोटे शहरों में इसके शोरूम भी नहीं के बराबर हैं। जिनको जरूरत होती है, वो रायपुर से लेकर जाते हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में नए साल में बड़ा बूम आया हुआ है। नए साल में वाहनों की बिक्री टॉप गियर में चल रही है। एक तरफ जहां दोपहिया और चारपहिया वाहन ज्यादा बिक रहे हैं, वहीं इसी के साथ अब ई-वाहनों की बिक्री भी लगातार बढ़ रही है। ई-वाहनों में दोपहिया वाहन ज्यादा बिक रहे हैं। अब तो हर माह तीन हजार से ज्यादा की बिक्री इसकी होने लगी है।

जहां तक चार पहिया वाहनों की बात है तो इसकी बिक्री में भी लगातार इजाफा हो रहा है। पहले ई-कारें मुश्किल से हर माह 50 से 60 ही बिक पाती थीं, क्योंकि इसकी कीमत 20 लाख से ज्यादा थी, लेकिन जब से कम कीमत वाली कारें आई हैं तो इसकी बिक्री भी दो से तीन गुना हो गई है।

### हर माह बिक रहे छह सौ से ज्यादा ई-रिक्शा

सवारी के लिए अब ऑटो के स्थान पर ई-रिक्शा का क्रेज बढ़ गया है। सबसे ज्यादा राजधानी रायपुर में ई-रिक्शा बिक रहे हैं। एक समय था जब ऑटो का क्रेज ज्यादा था, लेकिन पेट्रोल की बढ़ती कीमत से इसका क्रेज पिछले दो साल से बहुत कम कर दिया है। अब तो पूरे प्रदेश में ऑटो से ज्यादा ई-रिक्शा बिक रहे हैं। नए साल के पहले माह जनवरी में जहां 372 ऑटो बिके वहीं ई-रिक्शा 607 बिके। इसमें सबसे ज्यादा 256 रायपुर में, 146 बिलासपुर, 95 दुर्ग, 39 राजनांदगांव और 44 अंबिकापुर में बिके। इसी तरह से फरवरी में जहां पेट्रोल वाले ऑटो 338 बिके, वहीं ई-रिक्शा 624 बिके। इसमें रायपुर में सबसे ज्यादा 271, बिलासपुर में 133, दुर्ग में 82, राजनांदगांव में 38 और अंबिकापुर में 43 ई-रिक्शा बिके हैं।

# आनंद ऋषि का हृदय दया करुणा से था ओतप्रोत

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में गुरुवार को श्रमण संघीय आचार्य भगवन डॉ. शिवमुनिजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी सुशिष्या महासती विजयश्रीजी मसा 'आर्या' की सुशिष्या शासन दीपिका महासती प्रियदर्शनाश्रीजी मसा 'प्रियदा' ने अपने आध्यात्मिक व दिव्य प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित आचार्य सम्राट आनंद ऋषि जी मसा के बत्तीसवें पुण्य स्मरण दिवस के अवसर पर गुणानुवाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्यश्री आनंदऋषि जी मसा का हृदय दया, करुणा, सहनशीलता से ओतप्रोत था व वे क्षमामूर्ति थे। उनके मुख मंडल पर अद्भुत तेज व सौम्यता थी। उनके दर्शन मात्र से ही रोम-रोम पुलकित हो जाता था। तेरह वर्ष की अल्पायु में उन्होंने संसार का त्याग कर दिया था व गुरुदेव रत्नऋषि जी मसा के मुखारविंद से संयम जीवन अंगीकार किया व अपना सर्वस्व अपने गुरुदेव को न्योछावर कर दिया था।गुरु आज्ञा में रहते हुए उन्होंने जैनधर्म के गूढ़ रहस्यों को समझा व आगमों का पठन -पाठन व अध्ययन किया।

महासती जी ने कहा कि यह उनका भी सौभाग्य रहा था कि आचार्यश्री का दर्शन वंदन का लाभ मिला व आचार्यश्री के ही मुखारविंद से उनकी भगवती दीक्षा भी सम्पन्न हुई व प्रथम चातुर्मास आचार्यश्री के सानिध्य में ही सम्पन्न हुआ। गुरुदेव के सानिध्य व गुरुकृपा से अद्भुत लाभ मिला व उनके ही अपार कृपादृष्टि के फलस्वरूप तप जप ज्ञान ध्यान साधना आराधना के माध्यम से जीवन को सफल बनाने का प्रयास चल रहा है।

# विनायकपुर स्कूल में हुआ न्योता भोज



**अंडा।** पीएमश्री शाप्राशा विनायकपुर में प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया। भोज में बच्चों को खीर, केला और चाकलेट का वितरण किया गया। कक्षा पहिली से कक्षा पांचवीं तक सभी बच्चे इस भोज में शामिल हुए। कार्यक्रम में संध्या शिवरामवार प्रपा, ललिता भूषण गजपाल सरपंच, निलेश साहू अध्यक्ष प्रा.शाला प्रबंधन समिति, स्मृति सोनी अध्यक्ष पूमाशा प्रबंधन समिति, मोतीलाल मार्कण्डे, ललित बाई साहू, बीना देवांगन, देवेन्द्र देशमुख, लक्ष्मी साहू, नरेश कुमार गायकवाड़, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, रामेश्वरी रायते, उषा सिन्हा, भारती देशमुख, दिनेश देशमुख आदि उपस्थित थे।

# खुटेरी की रामनाम सप्ताह में बह रही भक्ति की धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम खुटेरी (अचौद) में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक सात दिवसीय रामनाम सप्ताह रुपी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यहां होली पर्व पश्चात दूसरे दिन से यह आयोजन का शुभारंभ होता है, जो एक सप्ताह तक निरंतर राम नाम का जाप एवं भक्ति का अविरल धारा यहां बहती है। दोपहर से रात्रिकालीन तक छत्तीसगढ़ अंचल के ख्याति प्राप्त रामधुनी मंडलियों का यहां आगमन होता है जो कि भक्ति एवं झांकीमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति देती है। आयोजन के आज पांचवे दिन शनिवार को दोपहर से नवज्योति आदर्श रामधुनी मंडली जगनाथपुर, श्री जय भोले लोक सांस्कृतिक रामधुनी मंडली डोकला चारामा एवं रात्रि 8 बजे से जय छत्तीसगढ़ बालक रामधुनी मंडली देवरी भखारा की प्रस्तुति होगी। जानकारी के अनुसार यहां के ग्रामीणजन गांव की सुख-समृद्धि की कामना से लगातार 76 वर्षों से इस तरह का आयोजन करते आ रहे हैं। इस आयोजन में चौक राम ठाकुर, लिकेश्वर साहू, बुधराम अंगारे, महेश साहू, देवघर विझेंकर, रामनाथ साहू, संजय साहू, तमस्कर साहू, थान सिंह ठाकुर, व्यास नारायण ध्रुव, लेखन नागवंशी, सोहन साहू, मोतीराम साहू, डीपी साहू, मूलचंद चपरिया, कामता प्रसाद ठाकुर, रेवाराम ठाकुर, नेमीचंद साहू, तामेश्वरी साहू, पोषण साहू, कुशलेश यदु, अर्जुन लक्ष्मी साहू, देवी दयाल साहू, हितेश कुमार जैन सहित ग्रामीणजनों की एवं विशेष दानदाताओं योगदान रहता है।

- रोजाना कई मंडलियां कर रही श्रीराम नाम का जाप-कीर्तन










